Success Key Test Series	**SUCCESS KEY TEST SERIES** X (English) **(Worksheet -1 Hindi)** Hindi-	DATE: TIME: 1 hrs MARKS: 25 SEAT NO:

विभाग १ - गदय

Q.1 परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए (गदय)

A1) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 2

1) लक्ष्मी के दूध का उपयोग

2) ज्ञानसिंह ने तीन वर्ष पहले काम किया था|

लक्ष्मी शांत खड़ी अपने जख्मों पर तेल लगवाती रही । वह करामत अली के मित्र ज्ञान सिंह की निशानी थी । ज्ञान सिंह और करामत अली एक-दूसरे के पड़ोसी तो थे ही, वे कारखाने में भी एक ही विभाग में काम करते थे । प्रायः एक साथ ड्यूटी पर जाते और एक साथ ही वापस लौटते ।

ज्ञान सिंह को मवेशी पालने का बहुत शौक था । प्रायः उसके घर के दरवाजे पर भैंस या गाय बँधी रहती । तीन बरस पहले उसने एक जर्सी गाय खरीदी थी । उसका नाम उसने लक्ष्मी रखा था । अधेड़ उम्र की लक्ष्मी इतना दूध दे देती थी कि उससे घर की जरूरत पूरी हो जाने के बाद बाकी दूध गली के कुछ घरों में चला जाता । दूध बेचना ज्ञान सिंह का धंधा नहीं था । केवल गाय को चारा और दर्रा आदि देने के लिए कुछ पैसे जुटा लेता था ।

नौकरी से अवकाश के बाद ज्ञान सिंह को कंपनी का वह मकान खाली करना था । समस्या थी तो लक्ष्मीकी । वह लक्ष्मी को किसी हालत में भी बेच नहीं सकता था । उसे अपने साथ ले जाना भी संभव नहीं था । जब अवकाश में दस-पंद्रह दिन ही रह गए तो करामत अली से कहा- "मियाँ ! अगर लक्ष्मी को तुम्हें सौंप दूँ तो क्या तुम उसे स्वीकार करोगे ...?"

मियाँ करामत अली ने कहा था-"नेकी और पूछ-पूछ । भला इससे बड़ी खुशनसीबी मेरे लिए और क्या हो सकती है ?"

करामत अली पिछले एक वर्ष से उस गाय की सेवा करता चला आ रहा था । गाय की देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ रखी थी ।

करामत अली को लक्ष्मी की पीठ पर रोगन के बाद भी इत्मीनान नहीं हुआ । वह उसके सिर पर हाथ फेरता रहा । लक्ष्मी स्थिर खड़ी उसकी ओर जिज्ञासापूर्ण दृष्टि से देखती रही । करामत अली को लगा जैसे लक्ष्मी कहना चाहती हो- "यदि मैं तुम्हारे काम की नहीं हूँ तो मुझे आजाद कर दो । मैं यह घर छोड़कर कहीं चली जाऊँगी ।"

करामत अली ड्यूटी पर जाने की तैयारी में था । तभी रमजानी बोली- "रहमान के

अब्बा, अगर लक्ष्मी दूध नहीं देगी तो हम इसका क्या करेंगे ? क्या खूँटे से बाँधकर हम इसे खिलाते-पिलाते रहेंगे ...?"

A2) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 2

1) करामत अली एक वर्ष से कर रहे थे...

2) करामत अली को लगा कि लक्ष्मी यह कहना चाहती है|

A3) i) पर्यायवाची शब्द लिखिए 1

लक्ष्मी -

ii) परिच्छेद में आए शब्द युग्म लिखिए :- 1

खिलाते -

A4) स्वमत :- 2

किसी घायल पक्षी या जानवर की सेवा करते समय या सेवा करने के बाद आपको कैसा महसूस हुआ?

विभाग २ - पदय

प्र. २ पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए (पद्य)

A1) i) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 1

चरित्रवान पुरूषों की विशेषताएँ

भुजा | व्यवहार | हृदय

नम्रता

ii) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :- 1

1) हम भारत देश वासी किसकी संतानें हैं |

2) हमारे संचय का उद्देश्य क्या होना चाहिए ?

किसी का हमने छीना नहीं, प्रकृति का रहा पालना यहीं हमारी जन्मभूमि थी यहीं, कहीं से हम आए थे नहीं ।.....
चरित थे पूत, भुजा में शक्ति, नम्रता रही सदा संपन्न हृदय के गौरव में था गर्व, किसी को देख न सके विपन्न ।
हमारे संचय में था दान, अतिथि थे सदा हमारे देव वचन में सत्य , हृदय में तेज, प्रतिज्ञा मे रहती थी टेव।

वही है रक्त, वही है देश, वही साहस है, वैसा ज्ञान वही है शांति, वही है शक्ति, वही हम दिव्य आर्य संतान ।
जिएँ तो सदा इसी के लिए, यही अभिमान रहे यह हर्ष निछावर कर दें हम सर्वस्व , हमारा प्यारा भारतवर्ष।

A2) i) निन्मलिखित शब्दों के विपरीतार्थक संज्ञा रूप लिखिए :- 1

1) विपन्न - .....

2) दान x .....

ii) समानार्थी शब्द अनुच्छेद से ढूँढकर लिखिए :- 1

1) निसर्ग - .....

2) हाथ - .....

A3) स्वमत :- 2

हिन्दुस्तान के महापुरूषों की प्रसिद्धि का "मुख्य कारण, अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए |

विभाग ३ - भाषा अध्यन (व्याकरण)

(1) अधोरेखांकित शब्द का भेद लिखिए **(2)**

यह आपने <u>किससे</u> लिखवाई थी ।

(2) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त अव्यय ढूँढ़कर उसका भेद लिखिए **(2)**

(1) मैंने देखा कि पिताजी आ रहे हैं |

(2) चिड़िया इधर - उधर फुदकती हैं |

(3) सुचना के अनुसार कालपरिर्तन किजिए **(2)**

1) वे तोलकर बोलते थे। (सामान्य भूतकाल)

2) फूल पंखुरी-पंखुरी झर जाएगा| (पूर्ण भूतकाल)

प्र. ४ पत्र लेखन - **(5)**

स्वास्थ अधिकारी पुणे, महानगरपालिका / दूषित जल के कारण उत्पथ बीमारियों की रोकथाम हेतु / 25/104 निर्मलनगर, पुणे से सुरेश / सुधा दुबे पत्र लिखता / लिखता है	